आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484




# जननायक सम्राट

बर्ष :13 अंक :319 पृष्ठ -4 दिनांक 22 नबम्बर 2024 दिन शुक्रवार




# सीएम योगी आज देखेंगे फिल्म द साबरमती एक्सप्रेस

## लखनऊ के फीनिक्स पलासियो मॉल में आज सुबह 11.30 बजे फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई




गुजरात के गोधरा कांड पर बनी फिल्म श्द साबरमती रिपोर्टश की आज लखनऊ में स्क्रीनिंग होगी. राजधानी के फीनिक्स पलासियो मॉल में इस फिल्म की स्क्री. निंग रखी गई है. सीएम योगी आदित्यनाथ अपने मंत्रिमंडल और प्रशास. निक अधिकारियों के साथ इस फिल्म को देखेंगे. इस दौरान फिल्म के मुख्य कलाकार विक्रांत मैसी और एक्ट्रेस राशि खन्ना भी मौजूद रहेंगी. लखनऊ के फी. निक्स पलासियो मॉल में आज सुबह 11. 30 बजे फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई है. माना जा रहा है कि सीएम योगी उत्तर प्रदेश में इस फिल्म को टैक्स फ्री कर सकते हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पहले ही इस फिल्म की तारीफ कर चुके हैं. सीएम योगी आज देखेंगे श्द साबरमती रिपोर्ट इससे पहले फिल्म के मुख्य कलाकारों ने सीएम योगी आदित्यनाथ से उनके दफ्तर में मुलाकात भी की थी. जिसकी तस्वीरें भी सामने आई हैं. इस तस्वीर में अभिनेता विक्रांत मैसी सीएम योगी के साथ दिखाई दे रहे हैं. इस मुलाकात के बाद अब उनकी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई है. दरअसल श्द साब. रमती रिपोर्टश फिल्म साल 2002 में गुजरात में हुए गोधरा कांड से पहले साबरमती एक्सप्रेस में आग लगाए जान की घटना पर आधारित है. इस हादसे के बाद ही गुजरात के गोधरा में दंगे भड़क गए थे. इन दंगों में दो हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी. इस फिल्म के सब्जेक्ट को लेकर शुरू से ही विवाद रहा है. अभिनेता विक्रांत मैसी का कहा है कि इस फिल्म के बाद उन्हें धमकियां भी दी गई है. द साबरमती रिपोर्ट फिल्म पिछले हफ्ते 15 नवंबर को रिलीज हुई थी. हालांकि इस फिल्म की शुरुआत थोड़ी धीमी रही, लेकिन कुछ राज्यों में इसे टैक्स फ्री किए जाने के बाद इसकी कमाई में भी सुधार आया है. उम्मीद की जा रही है कि सीएम योगी भी इस फिल्म को टैक्स फ्री कर सकते हैं. इससे पहले भी सीएम योगी फिल्म श्द केरल स्टोरी देख चुके हैं.

## झांसी अग्निकांड मृतक बच्चों की संख्या बढ़ी, इलाज के दौरान 3 नवजातों ने तोड़ा दम, अब तक 15 की मौत



झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में बच्चों के वार्ड (छप्ब्न्) में लगी आग में बचाए गए 39 बच्चों में से तीन और बच्चों की मौत हो गई. बुधवार शाम को इन बच्चों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. जिसके बाद इस हादसे में मरने वाले बच्चों की संख्या अब बढ़कर 15 हो गई है. झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर नरेंद्र सिंह सेंगर ने बुधवार को 'पीटीआई–भाषा' को बताया कि शुक्रवार रात 'एनआईसीयू' में लगी आग से बचाए गए 39 बच्चों में से मंगलवार रात से अब तक (बुधवार शाम तक) तीन और बच्चों की मौत हो गई तथा अब मृत बच्चों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है. झांसी हादसे में मरने वाले बच्चों की संख्या बढ़ी उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात को रानी झांसी हॉस्पिटल में हुए हादसे में दम घुटने और झुलसने से 10 बच्चों की मौत हो गई थी, जिनमें से 39 बच्चों को बचा लिया गया था. इनमें से कुछ बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई थी, जिनका इलाज चल रहा था. हादसे के बाद से अब तक इलाज के दौरान पांच बच्चों की मौत हो गई है. जिन बच्चों की मौत हुई है, वे सभी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे.कॉलेज के प्रिंसिपल ने बताया कि अभी दो और बच्चे गंभीर रूप से बीमार हैं. एक बच्चे का जन्म से वजन आठ सौ ग्राम है, जबकि दूसरे बच्चे के दिल में छेद है. सेंगर ने बताया कि शुक्रवार आधी रात एनआईसीयू में अचानक आग लगने की घटना में वार्ड में भर्ती 49 में से 39 बच्चों को बचा लिया गया था और 10 बच्चों की दम घुटने या झुलसने से मौत हो गई थी. उनके मुताबिक बचाए गए 39 बच्चों में से बुधवार शाम तक पांच और बच्चों की मौत बीमारी से हो जाने के बाद अब मृत बच्चों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है.

## ऑनलाइन गेम में हारी लाखों रूपये हारी 19 साल की छात्रा , कर्ज चुकाने के लिए खुद की किडनैपिंग की रची साजिश

यूपी के झांसी से हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है. यहां ऑनलाइन गे. मिंग में हारे रुपए की भरपाई करने के लिए 19 साल की नर्सिंग छात्रा ने खुद के अपहरण करवाने की साजिश रच डाली. इस दौरान छात्रा ने अपने पिता से 6 लाख रुपये की फिरौती मांगी. हालांकि, अब इस मामले में झांसी पुलिस ने खुलासा करते हुए छात्रा और उसके 4 दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया है. दरअसल,झांसी जिले में एक 19 वर्षीय |छड छात्रा ने ऑनलाइन गेम में करीब ढाई लाख रुपए हारने के बाद अपनी आर्थिक परेशानी से निपटने के लिए एक सनसनीखेज कदम उठाया. उसने कुछ दोस्तों से उधार पैसे लिए, लेकिन वह भी हार गई. जहां पैसे चुकाने की को. शिश में छात्रा ने एक झूठा अपहरण की कहानी बनाई और अपने परिवार से फिरौती की मांग की.अपहरण का नाटक कर बनाया वीडियो वहीं, 19 साल की नर्सिंग छात्रा ने पहले तो अपनी योजना को अंजाम देने के लिए छात्रा ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर अपने अपहरण का नाटक रचा. इसके बाद उसने एक बंद कमरे में अपनी वीडियो बनाई, जिसमें उसके हाथ और पैर बंधे हुए थे. इस वीडियो को उसने अपने परिवार को भेजा, ताकि वह विश्वास कर सकें कि उसकी जान खतरे में है. फिर, छात्रा और उसके 4 दोस्तों ने मिलकर छात्रा के परिवार से 6 लाख रुपए की फिरौती की मांग की.पुलिस की पूछताछ में सभी आरोपियों ने कबूला जुर्म हालांकि, झांसी पुलिस ने इस मामले में तेज गति से कार्रवाई करते हुए छात्रा और उसके चार दोस्तों – हृदेश, प्रियांशु, शिवम, और नंदकिशोर – को गिरफ्तार कर लिया है. इस दौरान पूछताछ में सभी आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है. पूछताछ के दौरान छात्रा और उसके दोस्तों ने पुलिस को बताया कि ऑनलाइन गेमिंग में ढ़ाई लाख रुपए हार गए थे.इसलिए छात्रा ने अपने 4 दोस्तों के साथ मिलकर पैसे की भरपाई करने के लिए अपने अपहरण का जबरन नाटक किया. फिलहाल, पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए सभी आरोपियों को जेल भेज दिया. इस घटना ने पूरे जिले में हलचल मचा दी और पुलिस की तत्परता की सराहना की गई हैं.

## स्नेचिंग, लूटपाट, डकैती और हत्या, अब बदमाश नप गया लंबा

उत्तर प्रदेश के सेंट्रल नोएडा में बिसरख थाना पुलिस और बाइक सवार बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश के घायल होने की खबर सामने आ रही है. यहां घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है. वहीं पूछताछ से पता चला है कि आरोपी रिजवान उर्फ शाहरुख शातिर किस्म लुटेरा है जिस पर दिल्ली एनसीआर में चेन स्नेचिंग और लूटपाट, डकैती, हत्या के प्रयास के दो दर्जन से अधिक मुकदमे गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर और दिल्ली में ये मामले दर्ज है.सेंट्रल नोएडा में बिसरख थाना पुलिस और बाइक सवार बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश के घायल होने की खबर सामने आ रही है. यहां घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है. वहीं पूछताछ से पता चला है कि आरोपी रिजवान उर्फ शाहरुख शातिर किस्म लुटेरा है जिस पर दिल्ली एनसीआर में चेन स्नेचिंग और लूटपाट, डकैती, हत्या के प्रयास के दो दर्जन से अधिक मुकदमे गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर और दिल्ली में ये मामले दर्ज है.वहीं इस मामले में गोली लगने से घायल बदमाशों की पहचान रिजवान उर्फ शाहरुख के रूप में हुई है. इस मामले में डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना बिसरख पुलिस एटीएस चौराहे पर चेकिंग कर रही थी तभी पर्थला की तरफ से आ रहे संदिग्ध एक मोटरसाइकिल एफजेड–5 पर सवार युवक को रूकने का इशारा किया गया लेकिन मोटरसाइकिल सवार नहीं रुका और पुलिस टीम को देखकर यू टर्न लेकर तेजी से हिंडन पुस्ता की तरफ भागने लगा.पुलिस और बाइक सवार बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ इस दौरान जब पुलिस ने टीम से उसका पीछा किया तो इस दौरानमोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई, जिसके बाद उसने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फरार हो गया. पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया. मोटरसाइकिल, अवैध तमंचा, खोखा कारतूस बरामद नोएडा सेंट्रल ने कहा कि घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है. बदमाश के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल, अवैध तमंचा, खोखा कारतूस जेब से 5,000 रुपए नगद बरामद हुए हैं. रिजवान उर्फ शाहरुख के ऊपर लूट, डकैती, हत्या के प्रयास के 2 दर्जन से अधिक मुकदमे गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, दिल्ली में दर्ज हैं. घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है. उसके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है.

## बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के बाद शुरू हुआ स्वच्छता अभियान, नगर पंचायत ने की 8 लाख की कमाई



उत्तराखंड के चारधाम बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट शीत काल के लिए बंद कर दिए गए हैं. बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के बाद धाम में दो दिवसीय गहन श्स्वच्छता अभियानश चलाया गया. इस दौरान पंचायत की ओर से विभिन्न स्थानों से डेढ़ टन अजैविक कचरे का संग्रहण किया गया. जबकि, पूरे यात्रा काल के दौरान अजैविक कचरे का निस्तारण कर 8 लाख की आय अर्जित की गई.नगर पंचायत ने इस वर्ष बदरीनाथ नगर क्षेत्र के साथ ही मंदिर में सफाई की जिम्मेदारी निभाई. ऐसे में इस वर्ष बदरीनाथ मंदिर के कपाट बंद होने के बाद यहां नगर पंचायत की ओर से 50 पर्यावरण मित्रों की तैनाती में गहन स्वच्छता अभियान चलाया गया. अभियान के दौरान पंचायत की ओर से बदरीनाथ मंदिर परिसर के साथ ही ब्रह्म कपाल, आस्था पथ, तप्त कुंड, मुख्य बाजार के साथ माणा गांव में भी सफाई अभियान चलाया गया. जिससे पर्यावरण मित्रों की ओर से डेढ़ टन अजैविक कचरे का संग्रहण किया गया.यात्रा काल के दौरान 180.70 टन कूडे का किया संग्रहणवहीं, इस वर्ष पूरे यात्रा काल में नगर पंचायत बदरीनाथ की ओर से 180.70 टन कुड़े का संग्रहण किया गया. इसमें से पंचायत की ओर से 110.97 टन कचरे का विपणन कर 8 लाख की आय अर्जित की गई है. इसके साथ ही पंचायत की ओर से 29.82 लाख की आय माणा पार्किंग, 1.03 करोड़ ईको शुल्क, 28 लाख की आय हेलीकॉप्टर संचालन और 8 लाख की आय यूजेज चार्जेज के माध्यम से की गई है.बदरीनाथ धाम में नगर पंचायत को इस वर्ष नगर क्षेत्र के साथ मंदिर परिसर में भी सफाई व्यवस्था का जिम्मा सौंपा गया था. ऐसे में यात्रा समाप्त होने के बाद पंचायत की ओर से दो दिनों तक बदरीनाथ धाम के साथ ही माणा गांव में गहन सफाई अभियान चला कर डेढ़ टन अजैविक कचरा एकत्रित किया गयै. वहीं, यात्रा काल में 110.97 अजैविक कचरे का विपणन कर 8 लाख की आय अर्जित की गई है.

## विवाह की रस्म के दिन कुंडे से लटककर प्रेमी-प्रेमिका ने दी जान, लड़के परिजन बोले- हत्या की गई

जननायक सम्राट .

सीतापुर जिले के महमूदाबाद थाना क्षेत्र में एक ही कुंडे से लटककर प्रेमी–प्रे. मिका ने जान दे दी। दोनों की शादी 25 नवंबर को होने वाली थी। लड़के के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है |सीतापुर कोतवाली महमूदाबाद क्षेत्र के एक गांव में छेई की रस्म वाले दिन प्रे. मिका के घर में एक ही कुंडे से साड़ी का फंदा बनाकर प्रेमी प्रेमिका के शव लटके मिले। बता दें कि आगामी 25 नवंबर को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत उनकी शादी तय थी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने मृतका के पिता व जीजा पर हत्या का आरोप लगाया है। इलाके के भिटौरा निवासी रुचि (18) का विवाह क्षेत्र के मोहल्ला बरगदिया निवासी मान सिंह (22) के साथ ब्लाक महमूदाबाद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आगामी 25 नवंबर को तय था। बृहस्पतिवार को घर में छेई का कार्यक्रम होना था। मृतका के परिजनों के मुताबिक बुधवार देर रात मान सिंह अपनी प्रेमिका रुचि से मिलने आया था।





जिसका परिजनों को कुछ पता नहीं चला। सुबह जब करीब 5 बजे रुचि की मां ने रुचि के कमरे का दरवाजा खोलना चाहा तो वह अंदर से बंद था |दीवार में बने होल से दरवाजा की कुंडी खोली तो देखा कि छत के कुंडे से साड़ी के सहारे दोनों प्रेमी प्रेमिका के शव लटक रहे हैं जिसको देखकर चीख पुकार मच गयी। परिजनों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर सीओ दिनेश शुक्ला, इंस्पेक्टर अनिल सिंह व फोरेंसिक टीम पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एएसपी दक्षिणी डॉ परवीन रंजन सिंह ने भी मौके पर जांच की। फूफा के मकान में आने जाने के दौरान हुआ प्रेम मृतक मान सिंह के फूफा राम नाथ का मकान भिटौरा निवासी रुचि के घर के सामने है। मान सिंह अक्सर आया जाया करता था। मान सिंह लुधियाना में मज. दूरी करता था। जब फूफा के घर आता तो रुचि से मुलाकात होती। यहीं से प्रेम परवान चढ़ा था। मृतका रुचि की बड़ी बहन मोहिनी का विवाह हो चुका है। बाकी शिवानी (12) व रुमा (10) हैं। मृतक के परिजन बोले– यह हत्या है मृतक मान सिंह के परिजनों के मुताबिक 20 नवंबर की रात 9 बजे रुचि का फोन मानसिंह के पास आया था। उसने कहा कि पापा जीजा पंकज से जबरदस्ती शादी करवाना चाहते हैं। तुम फौरन घर आ जाओ वरना ये लोग मार पीट करेंगे। इस पर मां सिंह रुचि के घर चला गया। आरोप है कि वहां मृतका के पिता ने दोनों की हत्या कर दी।

# दोस्त से पत्नी का करवाया रेप, खुद बनाता रहा वीडियो

उत्तर प्रदेश के आगरा से दिल को दहला देने वाली खबर सामने आ रही है. इस खबर में इंसान के लालच के बारे में पता चलता है कि कोई इंसान अपने फायदे के लिए क्या कुछ कर सकता है. आगरा के एक व्यक्ति ने पैसों के लिए अपने दोस्त से अपनी ही पत्नी का रेप करवाया है और उसका वीडियो बना लिया. आरोपी पति ने अपनी पत्नी को ब्लैकमेल करते हुए 2 लाख रुपये की डिमांड की. पत्नी को धमकी देते हुए आरोपी ने कहा कि अगर वो इतने पैसे उसे नहीं देती है तो वो इस वीडियो को ऑनलाइन लीक कर देगा. हालांकि मामले के सामने आते ही पुलिस ने दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.पुलिस ने इस मामले की जानकारी देते हुए बतायाकि पीड़िता आगरा के सीता नगर इलाके में मजदूरी करती है. उसका एक 12 साल का बेटा भी है. महिला का कहना है कि उसका पति घर पर नहीं रहता है, हर महीने कुछ दिनों के लिए वो घर आता है. सितंबर महीने में भी हर बार की तरह वो घर पर आया था. इस दौरान वो अपने एक दोस्त को भी घर लाया था. दोनों ने साथ में खाना खाया, जिसके बाद महिला अपने बेटे के साथ अंदर के कमरे में सोने चली गई थी. जब महिला की निंद खुली तो उसके पति ने उससे 5 हजार रुपए मांगा. इस समय महिला ने इतने पैसे दे दिए. हालांकि कुछ दिनों बाद पति ने महिला को फोन कर के 2 लाख रुपये की डिमांड की. इस बार महिला ने पैसे देने



से मना कर दिया. जिसके बाद आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी दे डाली. महिला ने लगाई मदद की गुहार महिला का कहना है कि उसके पति ने अपने दोस्त से उसका रेप करवाया था और वीडियो बनवाया था. लेकिन वो डरकर इस बात को किसी से बता नहीं पाई थी. हालांकि जब पति ने वीडियो वायरल करने की धमकी दी तो महिला ने पुलिस से मदद के लिए गुहार लगाई है. इस मामले में पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है. साथ ही घटना में संलिप्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. साथ ही आरोपी के मोबाइल को भी जब्त कर लिया गया है. इस मामले की छानबीन की जा रही है.

## गौतम अडानी पर लगे आरोपों पर अडानी ग्रुप ने जारी किया स्टेंटमेंट, जानें सफाई में क्या कहा?

भारत के दूसरे नंबर के अमीर और दिग्गज उद्योगपित गौतम अडानी और सात अन्य लोगों के खिलाफ अमेरिका की एक फेडरल कोर्ट ने धोखाधडी और रिश्वत के आरोप लगे हैं.अडानी समूह के द्वारा इन आरोपों पर प्रतिक्रिया दी गई है. उन्होंने उन आरोपों को खारिज किया है, जिसमें कहा गया कि है भारत में सरकारी कॉन्ट्रेक्ट हासिल करने के लिए 2200 करोड़ की रिश्वत दी. उन्होंने कहा कि फेडरल कोर्ट द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं.अडानी समूह ने एक बयान जारी कर कहा,ष्अमेरिकी न्याय विभाग और अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग ने अडानी ग्रीन के निदेशकों पर आरोप लगाए हैं. वो निराधार हैं और हम उसका खंडन करते हैं.ष न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में गौतम अडानी व अन्य लोगों पर आरोप लगाए है कि ये सभी सोलर एनर्जी कॉन्ट्रैक्ट पाने के लिए भारतीय अधिकारियों को 2100 करोड़ रुपये की रिश्वत देने की योजना का हिस्सा हैं . इस केस में आठ लोगों का नाम लिया गया है, जिसमें गौतम अदाणी और उनके कुछ रिश्तेदारों का भी नाम है.इस पूरे मामले पर टिप्पणी करते हुए अडानी ग्रूप के प्रवक्ता ने कहा कि यूस डिपॉर्टमेंट ऑफ जस्टिस ने खुद माना है कि केस में लगाए गए आरोप केवल आरोप हैं. ऐसे में अभियुक्तों को तब तक निर्दोष माना जाता है जब तक कि उन्हें कोर्ट से दोषी साबित नहीं कर दिया जाता है. प्रवक्ता ने आगे कहा कि अडानी ग्रुप हमेशा से उच्चतम स्तर का सुशासन,पारदर्शिता और नियमों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है. हम अपने सभी हितधारकों, साझेदारों और कर्मचारियों को यह भरोसा दिलाते हैं कि हम कानून का पालन करने वाला संगठन हैं. हम निर्धारित सभी नियमों का पूरी तरह से पालन करते हैं.गौतम अडानी पर क्या हैं आरोप?गौतम अडानी पर आरोप है कि रिश्वत की साजिश के लिए गौतम अडानी ने कई मौकों पर भारतीय अधिकारियों से व्यक्तिगत मुलाकात की. उनके अलावा अन्य सहआरोपियों भी इनसे व्यक्तिगत रूप से मिले और इसे अंजाम देने के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक मैसेजिंग ऐप के माध्यम से चर्चा की. इसमें अमेरिका में रहना भी शामिल है. इन पर आरोप है कि इन ला.`गों ने रिश्वत के पैसों को जुटाने के लिए अमेरिका के निवेशकों, विदेशी निवेशकों और बैंकों से झूठ बोला.

## कनाडा की नई साजिश, निज्जर की हत्या को लेकर फिर लगाए गंभीर आरोप, भारत सरकार का करारा जवाब मिला

भारत और कनाडा के रिश्ते लंबे समय से तनावपूर्ण चल रहे है. लगातार भारत के खिलाफ झूठे आरोप लगाने वाली कनाडा सरकार और वहां की मीडिया अब भी बाज नहीं आ रही है. जस्टिन ट्रूडो की कनाडाई मीडिया ने भारत सरकार के खिलाफ नई साजिश रची है. भारत सरकार ने बुधवार (20 नवंबर) को एक कनाडाई अखबार में छपी रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया है. इस रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की साजिश के बारे में जानते थे. भारतीय विदेश मंत्रालय ने दी ये प्रतिक्रिया भारतीय विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी करके ऐसी मीडिया रिपोर्ट्स को हास्यास्पद बताया है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस पर कहा, "हम आमतौर पर मीडिया रिपोर्ट्स पर टिप्पणी नहीं करते हैं. हालांकि, कनाडाई सरकार के एक सूत्र की ओर से कथित तौर पर अखबार को दिए गए ऐसे हास्यास्पद बयानों को उसी अवमानना के साथ खारिज करना चाहिए, जिसके वे हकदार हैं."उन्होंने कहा, "इस तरह के बदनाम करने वाले कैंपेन हमारे पहले से ही तनावपूर्ण संबंधों को और नुकसान पहुंचाते हैं."कनाडाई मीडिया की नई रिपोर्ट में क्या छपा है?दरअसल, कनाडा के एक अखबार में प्रकाशित एक रिपोर्ट में एक अज्ञात कनाडाई राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारी का हवाला देते यह दावा किया है कि कनाडा में हुई खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की कथित हत्या की साजिश की जानकारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को थी. इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को भी जानकारी दी गई थी. हालांकि, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कनाडा के पास इस दावे के समर्थन में प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ कोई पुख्ता सबूत नहीं है.कनाडाई अधिकारी ने कहा, "कनाडा के पास इस बात का कोई पुख्ता सबूत नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी को इस कथित के बारे में जानकारी प्राप्त थी. यह अकल्पनीय होगा कि भारत में तीन सीनियर राजनी. तिक हस्तियों ने इस मामले में आगे बढ़ने से पहले अपने प्रधानमंत्री के साथ ऐसी टार्गेटेड हत्याओं को लेकर चर्चा नहीं की होगी."कनाडा ने पहले भी भारत पर लगाए हैं ऐसा आरोपखालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर यह पहली बार नहीं है जब कनाडा की ओर से भारत पर आरोप लगाए गए हैं. कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो की ओर से भारत पर पहले भी इसे लेकर आरोप लगाए गए हैं. जिससे भारत और कनाडा के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं.

## भारत में गौतम अडानी को कुछ नहीं हो सकता, राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर बोला हमला





अमेरिका में बिजनेसमैन गौतम अडानी पर लगे करप्शन के आरोपों पर राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की. राहुल गांधी ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा, अडाणी जी 2 हजार करोड़ रूपये का स्कैम कर रहे हैं और बाहर घूम रहे हैं क्योंकि पीएम मोदी उन्हें प्रोटेक्ट कर रहे हैं. गौतम अडानी ने अमेरिका में क्राइम किया है लेकिन हिंदुस्तान में उन पर कुछ नहीं हो रहा है. अडाणी की प्रोटे. क्टर SEBI की चेयरपर्सन माधबी बुच पर केस होना चाहिए. दरअसल राहुल गांधी ने अडाणी समूह से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं और इसके संभावित प्रभावों को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की. इसके अलावा राहुल गांधी ने दावा किया कि अडाणी समूह को सरकार से विशेष फायदे मिले हैं और इस मामले में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो सकता है. आगे राहुल ने अडाणी और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच संबंधों को लेकर सवाल खड़े हुए हैं.क्या वह अमेरिकी अभियोजकों द्वारा कथित सोलर एनर्जी कॉन्ट्रैक्ट रिश्वत मामले में गौतम अडानी और अन्य पर आरोप लगाने का मुद्दा संसद में उठाएंगेश यह सवाल पूछे जाने पर लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, हम इस मुद्दे को उठा रहे हैं. नेता प्रतिपक्ष के तौर पर यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं इस मुद्दे को उठाऊं. पीएम मोदी 100: इस आदमी की रक्षा कर रहे हैं. इस आदमी ने भ्रष्टाचार के जरिए भारत की संपत्ति हासिल की है. वह भाजपा को समर्थन देते हैं, हम इसे दोहराएंगे. जेपीसी हमारी मांग है लेकिन हम चाहते हैं कि अडानी को गिरफ्तार किया जाए लेकिन हम जानते हैं कि उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा क्योंकि भारत के प्रधानमंत्री अडानी का समर्थन करते हैं, वह उनके संरक्षक हैं. राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी कहा कि अडाणी समूह के खिलाफ आरोपों की जांच की आवश्यकता है और देश के लोगों को यह जानने का अधिकार है कि सार्वजनिक धन का सही तरीके से उपयोग हो रहा है या नहीं.

## बिहार के सबसे बड़े सदर अस्पताल का नवादा में शिलान्यास

बिहार :सवांवदाता




मंगल पांडे ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने में लगे हैं. नवादा में आज पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट का उद्घाटन एवं सदर अस्पताल का शिलान्यास किया गया.भूमि पूजन करते स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेनवादा शहर के बुधौल में गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने मॉडल अस्पताल की आधारशिला रखी, इस दौरान मंत्री के ने अस्पताल निर्माण कार्य को लेकर भूमि पूजन किया. इस अस्पताल में मरीजों के लिए 200 बेड की व्यवस्था होगी.जीएनएम व पारामेडिकल संस्थान भवन का भी मंत्री ने उद्घाटन किया. स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर बिहार में स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में लगातार काम किए जा रहे हैं. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पूरे बिहार के 21 जिलों में नए सदर अस्पताल बनाए जा रहे हैं, लेकिन नवादा का जो मॉडल अस्पताल बनेगा, वह पूरे बिहार के सबसे बड़े सदर अस्पताल के रूप में जाना जाएगा.स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री के निर्देश पर नवादा को दो बड़ी सौगात मिली है. उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने में लगे है. पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट ढाई एकड़ जमीन में 22 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ है. नवादा जिलावासियों की मांग थी कि नवादा में नए सदर अस्पताल का निर्माण किया जाए. करीब 108 करोड़ रुपये की लागत से इस अस्पताल का निर्माण होगा.इस अस्पताल में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी मंत्री ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संकल्प लिया था कि बिहार के बच्चे को नर्सिंग के क्षेत्र में ऐसी शिक्षा उपलब्ध कराई जाय, जो बिहार ही नहीं बल्कि बिहार के बाहर भी जाकर अपनी सेवा दे सकें.स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पूरे बिहार में एक तरफ गैर सरकारी तो दूसरी तरफ सरकारी संस्थाओं को बनाने का काम किया गया, जहां जीएनएम, एएनएम, बीएससी नर्सिंग, पैरामेडिकल की पढ़ाई हो रही है. इन संस्थाओं के खुल जाने से बिहार की बेटियों को नर्सिंग की पढ़ाई के लिए बिहार से बाहर नहीं जाना पड़ता है.

### पीलीभीत में खुली विकास की पोल, .स्थायी पुल नहीं होने से परेशानी, अधिकारी बोले- सालों तक ऐसा ही चलेगा

बस का इंतजार, ट्रेन का इंतजार तो हम सभी लोग करते है लेकिन अपने घर पहुंचने के लिए अगर इंतजार करना पड़े तो थोड़ी हैरानी होगी. इतना ही नही वोट पर बैठ कर नदी के उस पार जाने के लिये नम्बर लगाना पड़ता है. इसके लिये बाइक सवार अपनी बीबी बच्चों के साथ किलोमीटर तक लंबी कतार में घण्टो खड़े रहते है. तब जाकर सुबह वालों का दोपहर और दोपहर वालों का शाम तक नम्बर आ पाता है. ये सब कहीं और नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में हो रहा है. ताज्जुब इस बात का है कि अधिकारी फक्र के साथ कह रहे हैं कि अभी तो सालों तक ऐसा ही चलेगा. लम्बी कतार लगाकर बारी बारी लाइन से बाइक सवार नाव पर चढ़ते हुए, दूर तक पानी ही पानी,पानी की धार में बाइक और लोगो से भरी नाव,और नदी किनारे अपने नम्बर का इंतजार करते बच्चे महिलाएं बड़े– बूढ़े ,किसान,दूध वाले,फेरी वाले हैं. ये तस्वीर उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले की पूरनपुर तहसील से सामने आई है, वही उत्तर प्रदेश जहां की योगी सरकार दिन–रात विकास की दुहाई देते नहीं थकती है. शारदा नदी पर नहीं है स्थाई पुल दरअसल तहसील क्षेत्र के शारदा नदी के पार गांव में आने–जाने के लिए शारदा नदी को दो बार नाव से पार करना पड़ता है. इसके अलावा अगर सड़क मार्ग से नदी के पार गांव में जाना पड़े तो सैकड़ो किलोमीटर और तीन जिलों पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर और फिर पीलीभीत का रास्ता नापना पड़ता है. उसमें मोटे पैसे और घण्टों समय बर्बाद करना पड़ता है. शारदा नदी पर कोई भी स्थाई पुल नहीं है. वही इस नदी से सटे नेपाल देश मे चंद किलोमीटर की दूरी पर नदी पर पक्का पुल बन चुके दशकों हो गए है, लेकिन पीलीभीत में हर साल एक वैक. ल्पिक (पैंटून पुल) बना दिया जाता है और लोग उसे पार कर उस तरफ पहुँचते है. इस बार PWD अधिकारियों की मेहरबानी देखिये कि लोगों वह भी नसीब नहीं हुई. हालांकि ॅच्क की तरफ से इन नावों का संचालन फ्री किया गया है लेकिन लाखों की आबादी में यह भी ऊंट के मुंह में जीरा के समान है.पुल निर्माण में लगेगा 5 साल का वक्त राजेश चौधरी अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी विभाग पीलीभीत ने बताया शारदा नदी में जलस्तर अभी ज्यादा है. इसके चलते वै. कल्पिक पुल का निर्माण नहीं हो सका. हम लगातार निर्माण कार्य कर रहे हैं. मौके पर हमने विभाग द्वारा नव संचालित कर रखी है जिससे लोग आ जा रहे हैं. इस नदी पर ढाई सौ करोड़ की लागत का पुल का निर्माण होना है लेकिन जंगल और वर्ल्ड लाइफ की तरफ से एनओसी नहीं मिली है एनओसी मिलने के बाद पुल का निर्माण हो सकेगा. उसमें भी पुल बनने में कम से पांच साल लगेगा.

## हाथों में मेहंदी लगाए दूल्हे का इंतजार करती रह गई दुल्हन, आया दूल्हे की मौत का संदेशा, मातम में बदली खुशियां

आगरा :–सवावदाता

घर में बारात के स्वागत की तैयारी चल रही थी, गीत और संगीत चल रहा था, सभी हंसी–खुशी शादी की तैयारी की भाग दौड़ में जुटे हुए थे. वक्त था बारात के स्वागत का पर शादी से एक दिन पहले दुल्हन के परिवार को ऐसी खबर मिली कि परिवार में कोहराम मच गया. जिस घर में बारात आनी थी वहां शादी से एक दिन पहले दूल्हे की मौत का संदेश आया. दूल्हे की मौत की खबर से दुल्हन को सदमा लगा और दुल्हन गुमसुम हो गई. मामला आगरा से सामने आया है.आगरा के टेडी बगिया क्षेत्र के बनी सिंह के घर में बारात आनी थी पर बारात आने से पहले एक ऐसा संदेश आया जिसके बाद वहां मातमी सन्नाटा पसर गया. जिस घर में मेहंदी और हल्दी की रस्मों के साथ गीत संगीत चल रहा था वहां दुल्हन बैठी बैठी अपने हाथों की मेहंदी को देखते रह गई. आगरा के टेडी बगिया निवासी दुल्हन की शादी हाथरस निवासी शिवम से तय हुई थी. 18 नवंबर को बारात आनी थी पर बारात नहीं आई बल्कि दूल्हे की मौत की खबर आई. हा. थरस निवासी दूल्हे शिवम की नाचते–नाचते मौत हो गई, जब दूल्हे की मौत की खबर दुल्हन के परिवार को मिली तो पैरो तले जमीन खिसक गई. जो दुल्हन हाथों में मेहंदी लगाकर बारात का इंतजार कर रही थी वो दुल्हन मेहंदी को देखती रह गई. दूल्हे की मौत से दुल्हन गुमसुम हो गई, दुल्हन बार बार अपने हाथों की मेहंदी को देख रही थी क्योंकि हाथों में शादी की मेहंदी लगी थी और मेंहदी में दूल्हे का नाम लिखा हुआ था.दुल्हन पर टूटा दुखों का पहाड़दुल्हन ने शादी को लेकर सपने सजाए थे पर कुछ ही देर में सारे सपने टूट गए. संदेश ऐसा मिला कि दुल्हन को गहरा सदमा लगा. दूल्हे की मौत की खबर के बाद से दुल्हन ने खाना तक नहीं खाया और न ही किसी से बात की. बस हाथों की मेहंदी को निहारती रही. हाथों की मे. हंदी को देखकर रो रो कह रही थी कि मुझे शिवम को देखना है. जो घर बारात के स्वागत के लिए सजा हुआ था, वहां मातम पसर गया. दुल्हन पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा. शादी में शामिल होने आए रिश्तेदार परिवार को धैर्य बंधा रहे थे.

### महंगाई का झटका, पेट्रोल से महंगी हुई सीएनजीय इतना बढ़ेगा जेब पर बोझ

सीएनजी वाहन स्वामियों को महंगाई का बड़ा झटका लगा है। सीएनजी के रेट में बढ़ोत्तरी की गई है। अब सीएनजी की कीमत 96.7 रुपये प्रति किलो पहुंच गई है। सीएनजी वाहन स्वामियों की जेब पर भार बढ़ गया है। ग्रीन गैस लिमिटेड ने सीएनजी के दाम बढ़ा दिए हैं। अब ये 96.75 रुपये प्रति किलो मिलेगी। इसकी कीमत पेट्रोल से भी अधिक हो गई है। पेट्रोल की कीमत 94.81 रुपये प्रति लीटर है।ग्रीन गैस लिमिटेड के मार्केटिंग मैनेजर किशन सिंह ने बताया कि आगरा और लखनऊ में सीएनजी के दाम बढ़ गए हैं। पहले से 94 रुपये प्रति किलो कीमत थी, अब 96.75 रुपये प्रति किलो



हो गई है। इसकी वजह सरकार की ओर से मिलने पर वाली अनुदान में कमी होना है।आगरा की बात करें तो यहां सीएनजी के 30 पंप हैं और रोजाना एक लाख किलो सीएनजी की खपत होती है। बृहस्पतिवार की सुबह 6 बजे से सीएनजी की बढ़ी दर लागू हो गई हैं।

# खैर उपचुनाव में बीजेपी लगाएगी हैट्रिक या सपा पड़ेगी भारी? सियासी जानकारों की राय कर देगी हैरान

अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट पर बुधवार को मतदान संपन्न हो गया. यहां पर बीजेपी और समाजवादी पार्टी के बीच सीधी टक्कर थी. ऐसे में हर कोई इस बात को लेकर चर्चा कर रहा है कि कौन किस पर कितना भारी पड़ा. खैर उपचुनाव को लेकर स्थानीय पत्रकारों में अलग–अलग तरह की राय देखने को मिल रही है, कुछ का मानना है कि खैर में बीजेपी हैट्रिक लगा सकती है तो वहीं कई जानकारों का कहना है कुछ उम्मीदवारो को सियासी बैकग्राउंड का फायदा मिला है. खैर उपचुनाव में 46.3 फीसद मतदान हुआ, जिसे लेकर वरिष्ठ पत्रकार मृत्युंजय शर्मा ने कहा कि इस बार वोट का प्रतिशत काफी कम रहा है. पहले यहां बसपा का जनाधार काफी था लेकिन, इस बार बसपा के जनाधार में कमी आई है. आजाद समाज पार्टी से दलित वोट खींचने की उम्मीद थी लेकिन, ऐसा नहीं हुआ. सपा को पहले मुकाबले इस बार मुस्लिम वोट ज्यादा मिलेगा वहीं सपा का प्रत्याशी दलित और उनके पति के जाट होने की वजह से दलित और जाट वोट सपा को मिल सकता है. लेकिन, बीजेपी की चुनावी कैंपेन का फायदा भाजपा प्रत्याशी को पूरी तरह मिला है

खैर में किसका पलड़ा रहेगा भारी?

अलीगढ़ में एक और बड़े अख़बार के संपादक जितेंद्र वार्ष्णेय ने कहा कि ये



चुनाव काफी दिलचस्प रहा. इस बार सिर्फ दो उम्मीदवारों के बीच ही टक्कर दिखाई दी. बसपा और आजाद समाज पार्टी दूर–दूर तक दिखाई नहीं दी. सपा प्रत्याशी ने इसमें मेहनत तो बहुत की लेकिन उनके ससुर पर पूर्व विधायक मलखान सिंह की हत्या के आरोपों का उन्हें नुकसान भी उठाना पड़ा, जाट समुदाय उनसे नाराज दिखा. उन्होंने कहा कि सपा ने चुनाव प्रचार की शुरुआत तो अच्छी की थी लेकिन बाद में उसका असर कम हो गया. सपा का प्रचार जमीन पर दिखाई नहीं दिया. चुनाव के आखिर तक ये बिगड़ता गया. जबकि बीजेपी उम्मीदवार सुरेंद्र दिलेर को परिवार की सियासी विरासत का फायदा मिला. निर्भीक और स्वच्छ छवि होने को वजह से लोगों ने उन्हें पसंद किया. हाथरस से विधायकी और सांसदी का चुनाव लड़ने वाले दिलेर परिवार का खैर की जनता भी स्वागत किया.वरिष्ठ पत्रकारों की राय मोहम्मद सेजी नाम के वरिष्ठ पत्रकार ने कहा कि भाजपा और सपा ने कैम्पिंग अच्छी की. जबकि दूसरे दल इसमें दिखाई भी नहीं दिए. सपा आखिरी वक्त में कमजोर पड़ गई जिसका फायदा बीजेपी को होता दिख रहा है. भाजपा प्रत्याशी का दादा की वि. रासत का फायदा मिला है. उपचुनाव में वोट प्रतिशत कम रहता है लेकिन बीजेपी की लीड दिख रही है. एक और पत्रकार अकरम खान ने कहा कि कुछ वोटर भा. जपा से नाराज थे 2024 के चुनाव में इसको लेकर खैर में भाजपा को इसी विधानसभा से हार मिली थी. लेकिन, बीजेपी की प्रत्याशी अच्छा होने की वजह से जनता नाराज नहीं दिखी.

भाजपा सरकार में पिता सांसद, विधायक रहे लेकिन सुरेंद्र दिलेर ने कभी इसका फायदा नहीं उठाया. उनके वोट मांगने के तरीके से भी लोग प्रभावित दिखे, दबकि सपा प्रत्याशी चारु केन को ससुर की वजह से नुक़सान हुआ. 46:3 मतदान कम होने की वजह से भाजपा को फायदा होगा. वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद आबिद ने कहा कि इस चुनाव में सपा की सबसे बड़ी कमजोरी सपा खेमें में गुटबाजी, प्रत्याशी को किसी बड़े राजनी. तिकार ने कैम्पिंग में सहायता ना करना, साथ ही सभी बूथों पर समाजवादी कार्यकर्ताओं की पकड़ से दूर बूथों से वोटर समझ चुके थे जिससे सपा इस लड़ाई से दूर हो गइएक निजी अखबार के संपादक ने कहा कि इस चुनाव में बीजेपी लगातार मेहनत करते दिखाई दी. सीएम योगी ने खैर में चुनाव प्रचार के लिए आए तो वहीं बीजेपी की टीम ने भी अच्छा काम किया. सपा की गुटबाजी, पार्टी के उम्मीदवार पर भारी पड़ गई. सपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने सहयोग नहीं किया, महज खानापूर्ति के लिए काम करते दिखाई दिए. जिसका नुक़सान सपा को होगा.

## अलीगढ़ में यमुना एक्सप्रेसवे पर बड़ा सड़क हादसा, ट्रक और डबल डेकर बस की टक्कर पांच की मौत

अलीगढ़ में यमुना एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा हुआ है। डबल डेकर बस ट्रक में घुस गई। हादसे में मासूम समेत पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि 15 घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है, जबकि 15 से अधिक घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, अलीगढ़ के टप्पल थाना इलाके में यमुना एक्सप्रेसवे पर बुधवार देर रात करीब एक बजे ट्रक और डबल डेकर बस की टक्कर हो गई। हादसे में पांच यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 15 यात्री घायल हो गए।जानकारी मिली है कि प्रतापगढ़ के कृष्णा ट्रैवल्स की डबल डेकर बस दिल्ली से आजमगढ़ और मऊ के लिए जा रही थी। जैसे ही बस यमुना एक्सप्रे. सवे पर पर 56 नंबर प्वाइंट पर पहुंची तो एक ट्रक में पीछे से जा घुसी।

एक साइड से बस के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में पांच यात्रियों की मौत हो गई। जबकि 15 यात्री घायल हो गए हैं।

उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में जान गंवाने वालों में पारुल(25), उसका पांच माह का बेटा आरोह, प्रतापगढ़ के हसमुख सरोज और दो अज्ञात शामिल हैं। मृतकों में एक महिला, तीन पुरुष और एक मासूम बच्चा हैं।बताया जा रहा है कि एक्सप्रेस–वे पर बस तेज गति से चल रही थी। अचानक ड्राइवर बस से नियंत्रण खो बैठा। ट्रक में टक्कर लगने के बाद बस का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा होते ही चीख–पुकार मच गई। हादसे के बाद बस में फंसे लोगों को खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला गया। जिस समय हादसा हुआ, उस वक्त सभी यात्री गहरी नींद में थे। अचानक एक जोरदार झटका लगा। आगे की सीटों पर बैठे लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हालांकि पीछे बैठे लोगों की चोट आई। बस यात्रियों से भरी हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों के साथ मिलकर क्षतिग्रस्त बस में फंसे यात्रियों को निकाला।

## अलीगढ़ के जीटी रोड स्थित पलाश सल्लू पर हुई गोकशी पुलिस ने गुपचुप तरीके से गोवंशों को दफनाया



अखिल भारतीय करणी सेना के महानगर अध्यक्ष युवा शक्ति सचिन राघव को पला सल्लू जी टी रोड पर गोकशी की मिली तो सूचना मिलते ही उन्होंने तुरंत प्रदेश अध्यक्ष ठा0 ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान को सूचना दी। प्रदेश अध्यक्ष ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौ. हान तुरंत अपनी समस्त टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे वहां जाकर पता चला कि पुलिस ने गुपचुप तरीके से गा. वंशों को दफना दिया था यह सब होता देख करणी सेना के तमाम पदाधिकारी आक्रोशित हो गए और हंगामा शुरू कर दिया हंगामा होते देखा वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए तथा उचित कार. वाई का आश्वासन देकर मुकदमा दर्ज किया अखिल भारतीय करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस को 24 घंटे का उल्टी वेतन दिया। घटनास्थल पर वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास दीक्षित, सुंदर राघव, कुलदीप राघव, वीरू भदोरिया, दलबीर सिंह, सुधीर सिंह, के के चौहान, जगमोहन मालवीय, डॉ नीरज सिसोदिया, आलेख सैनी, अजय चौहान, सुधीर ठाकुर, मनोज कुमार, यश शर्मा, मनु ठाकुर, छोटू कुमार, देवेश ठाकुर, पवन, देवेश, वरुण आदि पदाधिकारी उपस्थित थे

### संस्कार भारती ने देव दीपावली के सहयोगी कलाकारों का किया सम्मान

(जननायक सम्राट)

अलीगढ़ देव दीपावली पर संस्कार भारती के सहयोग से अचल सरोवर के सूरजमुखी घाट पर बनी भव्य रंगोली एवं दीपदान कार्यक्रम के अंतर्गत बनी भव्य रंगोली को बनाने वाले सभी कलाकारों का सम्मान श्री गिलहराज मन्दिर अचल ताल पर मन्दिर महंत योगी कौशलनाथ जी के सानिध्य मे किया गया ।

विदित रहे संस्कार भारती , अलीगढ द्वारा देव दीपावली का कार्यक्रम अचल सरोवर के सूरजमुखी घाट पर भव्यता एवं दिव्यता के साथ किया था ।

संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार डा सुनीता गुप्ता के दिशा निर्देशन मे संस्कार भारती के कलाकारों के साथ धर्म समाज महाविद्यालय के 30 से अधिक छात्र कलाकारों द्वारा रंगोली को रंगों के माध्यम से जीवंत किया ।कलाकार सम्मान समारोह मे संस्कार भारती के




पदाधिकारियो ने महंत योगी कौशलनाथ जी का सम्मान अंग वस्त्र , मिष्ठान्न एवं स्मृति चिन्ह देकर किया । कलाकार सम्मान समारोह मे गिलहराज मन्दिर के महंत योगी कौशलनाथ , जिलाध्यक्ष भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक , महानगर अध्यक्ष अनिल राज गुप्ता , कोषाध्यक्ष डा सुनीता गुप्ता , राधिका वार्ष्णेय, आंशी , करन , अजय , ललित, मोनिका, अजमद पुष्पेन्द्र, संजना, नन्दिनी, नितेश, योगेश, जान्ह्वी , काजल, खुशबू ,प्रतीक ,रीया , प्रिया ,अपूर्वा ,मोहित ,हिमानी, अनुराधा, निशा आदि उपस्थित थे ।

### रूपये के लेनदेन को लेकर युवक पर टूट पड़े दबंग, लात–घूसों से जमकर पीटा

सासनीगेट थाना क्षेत्र के जयगंज में रुपये के लेनदेन को लेकर दबंगो ने युवक को लात घूसों से जमकर पीटा। आधा दर्जन युवकों ने बेरहमी से जमीन पर गिराकर मारपीट की। उधारी के रुपये न लौटाने को लेकर विवाद हुआ था। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### हाईटेंशन लाइन छूने से ट्रक में लगी आग

स्टेशन मार्ग स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति में बुधवार को तड़के पहर एक ट्रक हाईटेंशन लाइन से छू गया। इससे ट्रक में आग लग गई। इसमें प्रमोद निवासी नरौना आकापुर झुलस गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उनका उपचार कराया गया। जेई आशीष यादव ने बताया कि लाइन क्षतिग्रस्त नहीं हुई है। चालक व परिचालक की गलती से यह हादसा हुआ है। ट्रक को पीछे करने के दौरान वह एचटी लाइन से छू गया था।

### उद्यमी मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में इकाई स्थापना के लिए करें ऋण आवेदन

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं ओडीओपी ऋण योजना में लक्ष्य हुए पूर्ण

अलीगढ़ उपायुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार द्वारा अवगत कराया गया है कि जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, एक जनपद एक उत्पाद ऋण योजना एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना संचालित की जा रही हैं। विभाग द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं एक जनपद एक उत्पाद ऋण योजनाओं में प्राप्त लक्ष्यो की पूर्ति कर ली गई है। अब मात्र मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर ही अनुमति निर्गत की जा रहीं है। उन्होंने बताया कि जो भी युवा उद्यमी ऋण लेने के इच्छुक हैं वह मात्र मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में ही आवेदन करें, जिससे उनके आवेदन पत्र पर कार्यवाही की जा सके। अब प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के ऋण प्रार्थना पत्रों पर ही विचार किया जाएगा।

### कार पलटी, दबकर किशोर की मौत

अलीगढ। तालानगरी क्षेत्र में कार पलटने से कार सवार किशोर की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। उसकी मौत से परिवार वालों का रोकर बुरा हाल था। कुनाल ठाकुर (14) पुत्र मुकेश कुमार हरदुआगंज क्षेत्र के गांव कलाई के निवासी थे। विजडम स्कूल में हाईस्कूल में पढ़ रहे थे। दिल्ली से उनकी बुआ कार से आई थीं। बुधवार की सुबह कार की चाबी लेकर वह अपने दोस्तों के पास अलीगढ़ गए थे। वहां से लौटते समय करीब साढ़े आठ बजे रामघाट कल्याण मार्ग पर डीपीएस स्कूल के पास कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार में मौजूद दो साथी तो बाहर निकल आए, लेकिन कुनाल ठाकुर कार में फंसे रह गए। गंभीर रूप से घायल कुनाल को बाहर निकाल कर अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वह दो भाइयों में छोटे थे। पिता मुकेश दिल्ली में एक कुरियर कंपनी में काम करते हैं।

### संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की विशेष तिथियों में अपने ही बूथ पर वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाएं

अलीगढ़ अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज कुमार ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 29 अक्टूबर को किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत 28 नवंबर तक दावे एवं आ. पत्तियां प्राप्त की जायेंगी। दावे एवं आ. पत्तियां प्राप्त करने के लिए विशेष अभियान की शेष बची तिथि 23 व 24 नवंबर 2024 को मतदान केन्द्रों पर बीएलओ एवं पदाभिहित अधिकारी प्रातः 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक मय मतदाता सूची के उपस्थित रहेंगे, किसी भी प्रकार की समस्या व शिकायत के समाधान के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय के दूरभाष नंबर 0571–2400582 पर सम्पर्क किया जा सकता है।उन्होंने जिले के सभी निवासियों को सूचित किया है कि निर्वाचक नामावलियों में नाम दर्ज कराये जाने के लिए फार्म–6, प्रवासी मतदाताओं के लिए फार्म–6ए, निर्वाचक नामावली से नाम अपमार्जन कराये जाने के लिए फार्म–7 एवं संशोधन कराये जाने व एक एथान दूसरे स्थान पर परिवर्तन किए जाने के लिए फार्म–8 सम्बन्धित साक्ष्यों सहित भरकर बूथ लेविल अधिकारी को विशेष अभियान तिथि 23 व 24 नवंबर को सम्बन्धित मतदेय स्थल पर एवं सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण अवधि में किसी भी प्रकार की शिकायत व समस्या के समाधान के लिये निर्वाचन कार्यालय के दूरभाष नम्बर पर प्रातः 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।

# 2000 करोड़ के मालिक हैं ए आर रहमान, तलाक के बाद सायरा बानो को कितनी रकम देंगे?

देश के फेमस सिंगर और म्यूजिक कंपा.ेजर ए आर रहमान ने हाल ही में अपनी पत्नी सायरा बानो संग शादी के 29 साल बाद तलाक की अनाउंसमेंट कर सभी को हैरान कर दिया है. वहीं तलाक की घोषणा के बाद रहमान ने एक इमा.ेशनल पोस्ट भी शेयर की थी. वहीं अब हर कोई ये जानना चाह रहा है कि बेशुमार दौलत के मालिक रहमान की पत्नी कोकितना एलमिनी मिलेगी?एआर रहमान ने पत्नी सायरा संग की तलाक की अनाउंसमेंटएआर रहमान और सायरा बानों ने तीन दशक साथ बिताए हैं और ये तीन बच्चों के पेरेंट्स हैं. ऐसे में इस जोड़ी के तलाक की अनाउंसमेंट से फैंस को झटका लगा हैमंगलवार की रात, एआर रहमान की पत्नी सायरा बानो ने अपनी वकील वंदना शाह के जरिये एक बयान जारी कर रहमान संग अपनी 29 साल की शादी के खत्म होने की घोषणा की थी. एआर रहमान ने भी अपने एक्स हैंडल से पुष्टि की कि वह और सायरा अब साथ नहीं हैं.कितनी मिलेगी सायरा बानो को एलिमिनीएआर रहमान और सायरा बानो दोनों मुस्लिम समुदाय से हैं और गुजारा भत्ता का नियम कुछ अलग है. हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम समाज में तलाक को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है. न्यूज18 की रिपोर्ट के मुता.बिक, इस्लाम में शादी एक कॉन्ट्रैक्ट है. इसके तहत मेहर की रकम तय होती है. इसको लेकर बाकायदा एक कागज बनाया जाता है और उस कागज पर दोनों पक्ष हस्ताक्षर करते हैं. शादी टूटने या तलाक की स्थिति में मेहर की यह रकम महिला को दी जाती है. ऐसे में एआर रहमान से तलाक के बाद सायरा को सिर्फ मेहर की रकम मिलेगी.
हालाँकि, हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया. 10 जुलाई 2024 के एक अहम फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुस्लिम महिला अपने पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है.रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि सीआरपीसी की धारा 125 के आधार पर शीर्ष अदालत ने कहा कि एक मजिस्ट्रेट को पत्नी, बच्चों और यहां तक कि माता–पिता के लिए गुजारा भत्ता तय करने का अधिकार है. सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर भी सवाल उठे. आलोचकों ने कहा कि यह फैसला मुस्लिम पर्सनल लॉ में हस्तक्षेप है. अगर इस फैसले को आधार माना जाए तो



सायरा एआर रहमान से गुजारा भत्ता पाने की हकदार हैं.अब सवाल यह है कि उसे कितना गुजारा भत्ता मिलेगा, यह मजिस्ट्रेट तय करेगा. न्यायिक मजिस्ट्रेट पति की वित्तीय स्थिति को देखते हुए गुजारा भत्ता का फैसला करता है. एआर रहमान के पास हजारों करोड़ की संपत्ति है. ऐसे में सायरा को अच्छी खासी रकम मिल सकती हैरहमान की कितनी है नेटवर्थबता दें कि रहमान देश के हाईएस्ट पेड सिंगर–कंपोजर हैं. वे हर सॉन्ग के 3 करोड़ रुपये चार्ज करते हैं और उनसी नेटवर्थ 1728 करोड़ से 2000 करोड़ के आसपास है. एक घंटे की परफॉर्मेंस के लिए वे 2 करोड़ तक चार्ज करते हैं और उनके बाद देश के कई शहरों सहित लॉस एंजिलस में भी बंगला है. उनके पास महंगी गाड़ियों का भी कलेक्शन है. वह ब्रांड एंडोर्समेंट से भी सालाना अच्छी खासी कमाई करते हैं.

## मलाइका अरोड़ा को ट्रेन में ट्रैवल करता देख चौंके फैंस, चेहरे पर फेस मास्क लगाकर किया फ्लॉन्ट

बॉलीवुड दीवा मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वो आए दिन कुछ न कुछ शेयर भी करती रहती हैं. इस बार मलाइका ने अपनी स्टोरी पर कुछ ऐसा शेयर किया है जिसे देखकर उनके फैंस भी चौंक गए हैं. मलाइका ने ट्रेन की बर्थड पर लेते हुए अपनी फोटो शेयर की है. जिसमें वो अपने नाइटसूट में नजर आ रही हैं. मलाइका की ये फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है.मलाइका अपना टाइम अच्छे से स्पेंड करती नजर आ रही हैं. वो इसके साथ ही अपना स्किन केयर करना नहीं भूली हैं. उन्होंने चेहरे पर फेस मास्क भी लगाया हुआ हैमलाइका ने किया ट्रेन में ट्रैवलमलाइका ने ये फोटो अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर डाली है. जिसमें वो एक बर्थ पर लेटी नजर आ रही हैं. उनके साइड में एक लंच बॉक्स और टिशू रखे हुए हैं. वो



फेस पर मास्क लगाकर सेल्फी लेती नजर आ रही हैं. उन्होंने फोटो शेयर करते हुए लिखा– मेक इट पॉश.

मलाइका को ट्रेन में ट्रैवल करता देख उनके फैंस जरुर चौंक गए होंगे.मलाइका अरोड़ा इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर ज्यादा सुर्खियों में बनी हुई हैं. ये तब से ज्यादा है जब अर्जुन कपूर ने अपना ब्रेकअप कंफर्म किया है. अर्जुन के ब्रेकअप कंफर्म करने के बाद से मलाइका सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और आए दिन कुछ न कुछ शेयर भी करती रहती हैं. उन्होंने हाल ही में अपना नवंबर चौलेंज शेयर किया था.ये है नवंबर चौलेंज मलाइका अरोड़ा के नवंबर के चौलेंज ये हैं– 1. शराब न पिएं. 2. आठ घंटे की नींद लें. 3. एक गुरु लें. 4. रोजाना व्यायाम करें. 5. रोजाना दस हजार कदम चलें. 6. रोजाना सुबह 10 बजे तक फास्ट रखें. 7. प्रोसेस्ड फूड से बचें. 8. रात 8 बजे के बाद कुछ न खाएं. 9. टॉक्सिक लोगों से दूरी बनाएं.

## द साबरमती रिपोर्ट को गुजरात सरकार ने किया टैक्स फ्री, यूपी सहित 6 राज्य कर चुके हैं ये ऐलान

बॉलीवुड एक्टर विक्रांत मैसी की फिल्म श्द साबरमती रिपोर्टश इस वक्त खासी चर्चा में बनी हुई है. जो 15 नवंबर को रिलीज हुई है. फिल्म को दर्शक काफी पसंद भी कर रहे हैं. इसी बीच खबर आई है कि ये फिल्म अब गुजरात में भी टैक्स फ्री हो चुकी है. इस फैसले की जानकारी अधिकारियों ने गुरुवार को दी. ये फैसला मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने हाल ही में फिल्म देखने के बाद लिया है. हरियाणा और छत्तीसगढ़ के बाद गुजरात में टैक्स फ्री हुई फिल्मदरअसल हाल ही में गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल एक्टर विक्रांत मैसी की फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' देखने पहुंचे थे. जो उनको काफी ज्यादा पसंद भी आई. इसके बाद सीएम ने एक बड़ा फैसला लेते हुए ऐलान किया कि फिल्म को गुजरात में टैक्स फ्री कर दिया गया है. बता दें कि इससे पहले ये फिल्म राजस्थान, हरियाणा, यूपी, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश भी ने फिल्म को कर–मुक्त घोषित कर दिया. वहीं पीएम नरेंद्र मोदी भी इस फिल्म को देखने के बाद इसकी काफी तारीफ कर चुके हैं.ये है 'द साबरमती रिपोर्ट' की




कहानी'द साबरमती रिपोर्ट' की कहानी गुजरात के गोधरा स्टेशन के पास साब.रमती एक्सप्रेस ट्रेन के एक डिब्बे में 27 फरवरी, 2002 को लगी आग पर आधारित है. उस हादसे में 59 लोग मारे गए थे. इसमें से अधिकतर कारसेवक थे. इस घटना के बाद राज्य में व्यापक दंगे भड़क उठे थे. इसी कहानी को अब बड़े पर्दे पर बेहद ही खूबसूरती के साथ दिखाया गया है.बता दें कि इससे पहले उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने 'द साबरमती रिपोर्ट' देखी थी. इस दौरान उनके साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और अन्य नेता भी मौजूद रहे थे. वहीं फिल्म देखने के बाद सीएम ने इसे यूपी में टैक्स फ्री कर दिया था. फिल्म में विक्रांत मैसी के अलावा राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा भी अहम किरदार में हैं.

### सलमान खान और शिल्पा शेट्टी के खिलाफ चल रहे SC&ST केस में कोर्ट ने दी बड़ी राहत, इन शब्दों को लेकर हुई थी FIR

सलमान खान और शिल्पा शेट्टी के खिलाफ चूरू कोतवाली थाने में एक शिकायत दर्ज करवाई गई थी। इसी मामले की सुनवाई आज हाईकोर्ट में हुई। जोधपुर के हाईकोर्ट की बेंच ने इस शिकायत मामले में शिल्पा शेट्टी और सलमान खान के पक्ष में फैसला सुनाया है। राजस्थान के चूरू थाने में सलमान खान और शिल्पा शेट्टी दोनों के खिलाफ SC&ST एक्ट में तहत एफआईआर दर्ज करवाई गई थी। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान आज गुरुवार को शिल्पा शेट्टी की ओर से एडवोकेट प्रशांत पाटिल ने उनका पक्ष रखा था। वहीं दूसरी तरफ शक्ति पांडे, गोपाल सांदू ने याचिकाकर्ता का पक्ष रखा।इस मामले की शुरुआत हुई थी वहां से जब सलमान की फिल्म श्टाइगर जिंदा हैश रिलीज होने जा रही थी। बताया जाता है कि फिल्म के एक प्रमोशनल इवेंट में एक्टर ने कुछ ऐसा कहा था जिसे लेकर कहा गया कि उन्होंने अनुसूचित जाति को लेकर कॉमेंट किया और इसे अपमानजनक बताया गया था। इसके तुरंत बाद पटियाला कोर्ट में सलमान समेत कुछ अन्य सितारों के खिलाफ इस मामले में थ्प्त् दायर की गई थी। फिल्म प्रमोशन के दौरान सलमान खान और शिल्पा शेट्टी पर वाल्मीकि समाज के लिए जातिगत और अपमानजनक शब्दों के इस्तेमाल करने के आरोप लगे थे।

## किंग खान को धमकी देने वाले वकील के मास्टर प्लान का खुलासा, आर्यन पर भी साधा निशाना



शाहरुख खान को कथित तौर पर मिली जान से मारने की धमकी के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस जांच में पता चला है कि आरोपी ने व्यापक स्तर पर मास्टर प्लान तैयार किया था।सलमान खान को लगातार मिल रही जान से मारने की कथित धमकियों के बीच खबरें आई थीं कि बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान को भी धमकी मिली है। आरोपी ने धमकी देते हुए 50 लाख रुपये की फिरौती भी मांगी। अब इस मामले में जांच के दौरान पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। आरोपी वकील फैजान खान ने अभिनेता को धमकी देने से पहले उनकी सुरक्षा टीम की छानबीन की थी। उसने शाहरुख खान के बेटे आर्यन को लेकर भी जानकारियां जुटाईं।शाहरुख खान को धमकी देने वाले शख्स को रायपुर से गिरफ्तार किया गया। अब पुलिस सूत्रों ने बताया कि बांद्रा पुलिस को जांच में मालूम हुआ है कि आरोपी वकील फैजान खान ने अभिनेता शाहरुख खान की सुरक्षा में तैनात जवानों और बेटे आर्यन खान के बारे में जानकारियां जुटाई थीं। आरोपी ने शाहरुख की सुरक्षा और बेटे आर्यन के बारे में ऑनलाइन सर्च करके कई जानकारियां इकठ्ठा कीं। उसकी पास मौजूद दूसरे मोबाइल की जांच के दौरान इंटरनेट सर्च हिस्ट्री से चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं।इंटरनेट से निकाला था बांद्रा पुलिस स्टेशन का नंबर पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी वकील के मोबाइल से शाहरुख की सुरक्षा और बेटे आर्यन के बारे में ऑनलाइन सर्च हिस्ट्री हाथ लगी है। बांद्रा पुलिस के मुताबिक आरोपी ने इंटरनेट से बांद्रा पुलिस स्टेशन का लैंडलाइन नंबर निकाला था। इसके बाद धमकी भरा कॉल किया।

बांद्रा पुलिस की जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी ने शाहरुख को धमकी देने के लिए जिस मोबाइल का इस्तेमाल किया था, वह उसने एक हफ्ते पहले यानि 30 अक्तूबर को खरीदा। इस बारे में आरोपी से जब सवाल किए गए तो कोई संतुष्टीदायक जवाब नहीं मिल सका।आरोपी के बचाप पक्ष का दावा शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी 7 नवंबर 2024 को दी गई थी। इस सिलसिले में बांद्रा पुलिस स्टेशन में कॉल किया गया था। कॉल ट्रेस किया गया तो फैजान खान के फोन की जानकारी मिली। मुंबई पुलिस ने वकील फैजान को रायपुर से गिरफ्तार किया। इस मामले में जांच जारी है। वहीं, इस मामले में आरोपी वकील फैजान के बचाव पक्ष ने दावा किया कि घटना से पहले उसका फोन चोरी हो गया था। साथ ही कहा कि शाहरुख खान को धमकीभरा कॉल कॉल उसे (फैजान को) झूठे मामले में फंसाने की साजिश का हिस्सा था। पुलिस को है इस बात का शक बांद्रा
पुलिस की जांच में पता चला है कि शाहरुख को धमकी देने के लिए जिस मोबाइल का इस्तेमाल आरोपी ने किया था, वह सप्ताहभर पहले ही खरीदा गया। आरोपी फैजान ने खुद इसे खरीदा। वह अपना पुराना सिम कार्ड लगाकर इस्तेमाल कर रहा था। उसने 2 नवंबर को मोबाइल के चोरी होने की शिकायत तो दर्ज करा दी, लेकिन मोबाइल नंबर को बंद नहीं करवाया। पुलिस को शक है कि अपराध में इस्तेमाल मोबाइल को आरोपी ने कहीं छुपाया है। पुलिस का कहना है कि धमकी देने से पहले आरोपी ने बाकायदा प्लानिंग की।

## आराध्या की पार्टी नें नजर नहीं आए दादा अमिताभ बच्चन



ऐश्वर्या राय बच्चन ने हाल ही में बेटी आराध्या का जन्मदिन सेलिब्रेट किया था. आराध्या के 13वें बर्थडे बैश की फोटोज सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं. इस बर्थडे पार्टी की फोटोज में न आराध्या के पापा अभिषेक और न ही दादा अमिताभ बच्चन नजर आए. इतना ही नहीं बच्चन परिवार में से किसी ने आराध्या के बर्थडे पर सोशल मीडिया पर पोस्ट भी शेयर नहीं किया है. जिसके बाद से फैंस काफी चौंक रहे हैं. इसी बीच अब अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में बर्थडे को लेकर बात की है.अमिताभ बच्चन ने लिखा– अमिताभ ने कहा, ष्जन्मदिन होते हैं...बधाई देने के लिए जन्मदिन होते हैं...लेकिन भले ही आज उनमें से कोई भी ऐसा नहीं है जिसका जिक्र किया जा सके, लेकिन वे सभी हमारे दिल और दिमाग में बसे हुए हैंदिन के बारे में दी जानकारी उसके बाद उन्होंने अपने ब्लॉग में अपने दिन के बारे में फैंस को जानकारी दी. उन्होंने लिखा–काम जारी है और अपेक्षित सम्मान के साथ यह हमेशा से डिसर्विंग रहा है.. और ऐसा हमेशा होता रहे.. ऑडियन्स के बिना काम करना एक मिथ्या नाम है.. वे आते हैं, वो चियर करते हैं, वे पहचान देते हैं और हम प्रेरित होते हैं और उन्हें उससे अधिक देने के लिए प्रेरित होते हैं जो वे हमें देते हैं और हमारे लिए मायने रखते हैं. ऐसी थी बर्थडे पार्टीफोटोज में देखकर लग रहा है कि आराध्या की बर्थडे पार्टी की थीम डिस्को थी. दोनों मां–बेटी खूब एंजॉय करती हुई नजर आईं. ऐश ने फोटोज शेयर करते हुए लिखा था–मेरे जीवन के अमर प्यार, प्यारे डैडी–अज्जा और मेरी प्यारी आराध्या को बर्थडे की शुभकामनाएं. मेरा दिल... मेरी आत्मा... हमेशा और उससे भी आगे.बता दें अभिषेक बच्चन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म आई वॉन्ट टू टॉक के प्रमोशन में बिजी हैं. ये फिल्म 22 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है

**आवश्यकता है**

**हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।**

**सम्पर्क करें –**

**अमित कुमार वर्मा –संम्पादक**

**मौः–8218049162,8273402499**

**जननायक सम्राट**

**हिंन्दी साप्ताहिक**

**मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित**

**सम्पादक–अमित कुमार वर्मा**

**सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा**